4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 52 | FRIDAY 06-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



वृद्धि हुई राजस्व में, धनी हुई सरकार।
तो फिर एक हजार झट, दे ही दें इस बार।
दे ही दें इस बार, अधिक ना अब लटकायें।
पैसे देकर इधर, उधर से वोटें पायें।
कह साहिल कविराय, नहीं यदि अब भी दोगे।
तो कल इनसे वोट, कहें किस मुंह से लोगे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल



# प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट से पहले मुंबई में बड़े उद्योगपतियों से मिले उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा

## टाटा संस, सन फार्मा, टाटा पावर और एस्सार ग्रुप के शीर्ष नेतृत्व से निवेश अवसरों पर चर्चा

- 13-15 मार्च को मोहाली में होगा प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026









**चंडीगढ़, यूटर्न, 5 मार्च।** प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 से पहले पंजाब सरकार ने राज्य में निवेश आकर्षित करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय सरकारों के मंत्री संजीव अरोड़ा ने मुंबई में देश के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकों का दौर शुरू किया।

इस दौरान उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों को 13 से 15 मार्च 2026 तक मोहाली स्थित प्लाक्षा यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाले प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 में भाग लेने का आमंत्रण दिया।

मुंबई दौरे में मंत्री अरोड़ा ने टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन, सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन दिलीप संघवी, टाटा पावर के एमडी एवं सीईओ डॉ. प्रवीर सिन्हा तथा एस्सार ग्रुप के निदेशक अंशुमान रूइया* से मुलाकात कर राज्य में निवेश के संभावित अवसरों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठकों में नवीकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग और निवेश को बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

### टाटा समूह के साथ एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग पर चर्चा

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के साथ बैठक में पंजाब में निवेश और औद्योगिक विकास को गति देने वाली राज्य सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने लुधियाना में टाटा स्टील की मौजूदा उपस्थिति के आधार पर एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और स्टील इकोसिस्टम को और मजबूत करने के अवसरों पर विचार किया। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) स्थापित करने जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग की संभावनाएं भी तलाश की गईं।

### सन फार्मा के साथ फार्मा और हेल्थकेयर निवेश पर फोकस

सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन दिलीप संघवी और कंपनी के सीओओ आलोक संघवी के साथ बैठक में पंजाब को फार्मास्यूटिकल, हेल्थकेयर इनोवेशन और लाइफ साइंसेज का प्रमुख केंद्र बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग और फॉमुर्लेशन इकाइयों के विस्तार, अढकऔर बल्क ड्रग उत्पादन में निवेश, फार्मा एनालिटिक्स तथा रेगुलेटरी सेवाओं के लिए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने और न्यूट्रास्यूटिकल व वेलनेस सेक्टर के विकास जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

### टाटा पावर के साथ स्वच्छ ऊर्जा सहयोग

टाटा पावर के एमडी एवं सीईओ डॉ. प्रवीर सिन्हा के साथ बैठक में स्वच्छ ऊर्जा और बिजली अवसंरचना को मजबूत करने के लिए सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस दौरान बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास, रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन, कृषि क्षेत्र के लिए एग्री-सोलराइजेशन पहल तथा राज्यभर में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार जैसे विषयों पर विचार किया गया। कंपनी ने पंजाब में लगभग 100 मेगावाट क्षमता वाली अपनी सौर ऊर्जा परियोजना का उल्लेख करते हुए राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### एस्सार ग्रुप के साथ डिजिटल और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर

एस्सार ग्रुप के निदेशक अंशुमान रूइया के साथ बैठक में पंजाब के उभरते औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने और नए क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई। संभावित सहयोग के क्षेत्रों में ग्रीन एनर्जी और औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन, मोहाली-चंडीगढ़ कॉरिडोर में डेटा सेंटर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास तथा वैकल्पिक ईंधन आधारित लॉजिस्टिक्स समाधान शामिल हैं।




## सेक्रेड हार्ट स्कूल के दिव्यांशु ने 11वीं क्लास में हासिल किया तीसरा स्थान



लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। सराभा नगर स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की और से अपने 11वीं क्लास के नतीजे घोषित कर दिए हैं। जिसके चलते स्कूल के स्टूडेंट और समाजसेवी बलदेव राज कतना के पोते दिव्यांशु कतना द्वारा 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया गया है। दिव्यांशु की इस शानदार प्रदर्शन के बाद परिवारिक सदस्यों में खुशी का माहौल है।

## मनीमाजरा मोटर मार्केट में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, 14 वाहन किए जब्त

चंडीगढ़, यूटर्न, 5 मार्च। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगर निगम चंडीगढ़ ने मनीमाजरा स्थित सेक्टर-13 के मोटर मार्केट इलाके में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों और पार्किंग एरिया में खड़े या अवैध रूप से मरम्मत किए जा रहे कुल 14 वाहनों को जब्त किया गया। नगर निगम की प्रवर्तन टीम को स्थानीय लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि मोटर मार्केट क्षेत्र में सड़क और पार्किंग स्थानों का उपयोग वाहन खड़े करने और मरम्मत कार्य के लिए किया जा रहा है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। शिकायतों के आधार पर टीम ने इलाके में अभियान चलाया। अभियान के दौरान 3 बड़े ट्रक, 9 कारें और 2 टेंपो ट्रैवलर ऐसे पाए गए जो लंबे समय से सड़क किनारे खड़े थे या सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से उनकी मरम्मत की जा रही थी। इन सभी वाहनों को नगर निगम ने जब्त कर लिया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को खाली कराना और मोटर मार्केट जैसे व्यस्त इलाके में यातायात को सुचारू बनाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़कों, पार्किंग एरिया या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाहन मरम्मत करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने वाहन मालिकों, मैकेनिकों और वर्कशॉप संचालकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर वाहन खड़े कर मरम्मत का काम न करें, अन्यथा नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



**गुस्ताखी माफ**

वृद्धि हुई राजस्व में, धनी हुई सरकार।
तो फिर एक हजार झट, दे ही दें इस बार।
दे ही दें इस बार, अधिक ना अब लटकायें।
पैसे देकर इधर, उधर से वोटें पायें।
कह साहिल कविराय, नहीं यदि अब भी दोगे।
तो कल इनसे वोट, कहें किस मुंह से लोगे।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 52 | FRIDAY 06-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# 'बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभानल्लाह' जैसे कारपोरेशन इंस्पेक्टरों के हालात

## बिल्डिंग इंस्पेक्टरों ने चालान बुक को बनाया करप्शन का सुरक्षा कवच

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। लुधियाना कारपोरेशन में आए दिन निगम अधिकारियों के करप्शन को लेकर अनोखे तरीके देखने को मिलते हैं। जहां पहले बड़े साहब, पूर्व कमिश्नरों, पूर्व एसई संजय कंवर व अन्य कुछ अधिकारियों पर करप्शन करने के गंभीर आरोप लग चुके हैं। वहीं अब इस भ्रष्टाचार के खेल में बिल्डिंग इंस्पेक्टर भी कहीं पिछे नहीं है। बड़े अधिकारियों के साथ साथ निगम के कुछ बिल्डिंग इंस्पेक्टर भी जमकर चांदी कूटने में लगे हुए हैं।

जिसके चलते इन पर यह कहावत फिट बैठती है कि बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभानल्लाह। चचाएं हैं कि कुछ बिल्डिंग इंस्पेक्टरों द्वारा धड़ल्ले से अपने इलाकों में अवैध इमारतें बनवाई गई और अभी भी बनवाई जा रही हैं। इंस्पेक्टरों द्वारा आपसी सेटिंग के बाद दिखावे के लिए बिल्डिंगों का चालान तो जरुर काटा जाता है, लेकिन उसकी कंपाउंडिंग फीस सरकारी खाते में जमा नहीं करवाई जाती। कई मामलों में तो चालान भी गायब कर दिए जाते हैं। जिससे बिल्डिंग मालिक का काफी पैसा भी बच जाता है और इंस्पेक्टरों की जेब भर जाती है। यह गोलमाल आज से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से चल रहा है। ऐसे करके इंस्पेक्टर चालान बुक को अपनी करप्शन का सुरक्षा कवच बनाकर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तरह करके कई भ्रष्ट इंस्पेक्टरों द्वारा सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का चूना लगा दिया गया। जिसके चलते सभी चालानों का ऑडिट कराना जरुरी है। जिससे कई बड़े घोटाले निकलकर सामने आएंगे।




### ऐसे गोलमाल कर रहे इंस्पेक्टर

चर्चा है कि कारपोरेशन के चारों जोन में से अगर कहीं भी इललीगल इमारत बनती है, तो संबंधित जोन का इंस्पेक्टर मौके पर जाता है। पहले तो आपसी मिलीभगत के इमारत बनने दी जाती है। जिसके बाद मामला अधिकारियों तक पहुंचने या मीडिया में आने पर इंस्पेक्टर उसका चालान काट देते हैं। जिसके बाद बिल्डिंग मालिक से सेटिंग होने पर चालान जेब में ही रख लिया जाता है। अगर न सेटिंग हो तो मालिक को ऑफिस बुलाया जाता है। अधिकारियों के दोबारा पूछने पर इंस्पेक्टर चालान होने का बोलकर बात संभाल लेते हैं, लेकिन चालान के बाद कंपाउंडिंग फीस जमा हुई या नहीं यह कोई नहीं देखता। ज्यादातर मामलों में यहीं चीजें निकलकर सामने आई है कि इंस्पेक्टरों ने चालान करके अपनी रिश्वत जेब में डाल ली और कंपाउंडिंग फीस जमा ही न हीं करवाई।

### लुधियाना ही नहीं चंडीगढ़ के अधिकारियों को भी दे रहे गच्चा

वहीं चर्चा है कि बिल्डिंग इंस्पेक्टरों द्वारा इस चालान के खेल में अकेले लुधियाना ही नहीं बल्कि चंडीगढ़ बैठे लोकल बॉडी विभाग के अधिकारियों को भी गच्चा दे दिया जा रहा है। चर्चा है कि इन मामलों में अगर चंडीगढ़ सीवीओ विभाग, कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर और विधायक भी पूछताछ करें तो इंस्पेक्टरों द्वारा चालान कर देने की बात कह दी जाती है, मगर कंपाउंडिंग फीस जमा करवाई जा नहीं, यह नहीं बताया जाता। वहीं कई इमारतों के तो चालान ही नहीं दिखाए जाते।

### कई एमटीपी व एटीपी भी रह चुके सेटिंग का हिस्सा

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टरों की चालान बुक को कमिश्नर से लेकर एटीपी तक कोई भी चैक कर सकता है। लेकिन इसकी चैकिंग का मुख्य काम एमटीपी व एटीपी का होता है। लेकिन चर्चा है कि पिछले 25 सालों के दौरान कई एमटीपी व एटीपी की इंस्पेक्टरों के साथ मिलीभगत रही। जिसके चलते सभी ने मिलकर रिश्वत का खेल खेला। अब अगर चैकिंग करने वाले खुद ही भ्रष्टाचार में लिपित हो गए, तो एक्शन कौन लेता। जिसके चलते चालान की एवज में जमकर घोटाले किए गए।

### २५ साल का ऑडिट होने पर कई मगरमच्छ जाल में फंसेगें

चर्चा है कि इंस्पेक्टरों का यह खेल आज से नहीं बल्कि पिछले 25 सालों से चला आ रहा है। जिसके चलते पंजाब सरकार और उच्च अधिकारियों को 25 सालों के चालान व जमा हुई कंपाउंडिंग फीस का ऑडिट कराना चाहिए। जिससे कई मगरमच्छ जाल में फंस सकेगें। इसी के साथ साथ सरकार का खजाना भी भरेगा। आप सरकार अगर ऐसा करती है तो विकास कार्यों के लिए भारी मात्रा में फंड इकट्ठा हो सकेगा।

## अमन, अखलाक और रूहानियत पर जोर, मोहाली कार्यक्रम में ईरान के सर्वोच नेता आयतुल्लाह डॉ. इलाही से मिले शादाब राठी

मोहाली, यूटर्न, 05 मार्च। सेक्टर-78 स्थित शिया जामा मस्जिद में गुरुवार को साइंटिफिक, एथिकल एंड स्पिरिचुअल gathering कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाजसेवी शादाब राठी ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता के भारत में प्रतिनिधि आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल माजिद हकीम इलाही से मुलाकात भी की। इस अवसर पर शादाब राठी और



आयतुल्लाह डॉ. अब्दुल माजिद हकीम इलाही के बीच देश में अमन-ओ-अमान, आपसी भाईचारे और इंसानी मूल्यों को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। आयतुल्लाह ने अपने संबोधन में समाज में शिक्षा, नैतिकता और रूहानियत को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। समाजसेवी शादाब राठी ने कहा कि इस तरह के इल्मी और रूहानी कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और लोगों के बीच आपसी एकता व भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

## टी-20 विश्व कप: रोमांचक सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराया, फाइनल में पहुंचा



मुंबई, यूटर्न, 05 मार्च। आईसीसी टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में 7 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मैच में शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और अंतिम ओवर तक दर्शकों की धड़कनें तेज रहीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया। भारतीय बल्लेबाजों ने चौकों-छक्कों की बरसात कर इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम ने भी दमदार बल्लेबाजी की और लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच को बेहद रोमांचक बना दिया।

हालांकि आखिरी ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। सटीक गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग की बदौलत इंग्लैंड की टीम लक्ष्य से 7 रन दूर रह गई और भारत ने यादगार जीत दर्ज कर ली। जैसे ही अंतिम गेंद फेंकी गई, स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शक खुशी से झूम उठे। भारत की इस जीत के साथ ही पूरे देश में जश्न का माहौल बन गया। सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक क्रिकेट प्रशंसकों ने टीम इंडिया की इस शानदार सफलता का स्वागत किया। अब भारत का सामना फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि टीम इंडिया इसी शानदार लय को बरकरार रखते हुए विश्व कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाएगी।

## पवन दीवान की पोस्टर मुहिम: पूछा - पंजाब की महिलाओं के 48,000 रुपये कहाँ हैं?

लुधियाना, यूटर्न, 05 मार्च। आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा किए गए वादे को पूरा न करने के विरोध में जिला कांग्रेस लुधियाना शहरी के पूर्व अध्यक्ष और पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने लुधियाना पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में पोस्टर लगवाकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। इस मुहिम के जरिए उन्होंने पिछले चार वर्षों से पंजाब की महिलाओं को न मिले 48,000 रुपये के संबंध में जवाबदेही की मांग की है। दीवान ने 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला को प्रति माह 1,000 रुपये देने के वादे को याद दिलाते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप लगाया है कि उन्होंने झूठे आश्वासनों के माध्यम से पंजाब की महिलाओं को गुमराह किया है।

# मनीमाजरा मोटर मार्केट में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, 14 वाहन किए जब्त

**मक्खनमाजरा और रामदरबार में वारदातें, पिकअप की टक्कर के बाद दो युवकों की पीट-पीटकर हत्या**






चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगर निगम चंडीगढ़ ने मनीमाजरा स्थित सेक्टर-13 के मोटर मार्केट इलाके में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सड़कों और पार्किंग एरिया में खड़े या अवैध रूप से मरम्मत किए जा रहे कुल 14 वाहनों को जब्त किया गया। नगर निगम की प्रवर्तन टीम को स्थानीय लोगों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि मोटर मार्केट क्षेत्र में सड़क और पार्किंग स्थानों का उपयोग वाहन खड़े करने और मरम्मत कार्य के लिए किया जा रहा है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। शिकायतों के आधार पर टीम ने इलाके में अभियान चलाया। अभियान के दौरान 3 बड़े ट्रक, 9 कारें और 2 टेंपो ट्रैवलर ऐसे पाए गए जो लंबे समय से सड़क किनारे खड़े थे या सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से उनकी मरम्मत की जा रही थी। इन सभी वाहनों को नगर निगम ने जब्त कर लिया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को खाली कराना और मोटर मार्केट जैसे व्यस्त इलाके में यातायात को सुचारू बनाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़कों, पार्किंग एरिया या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाहन मरम्मत करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने वाहन मालिकों, मैकेनिकों और वर्कशॉप संचालकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर वाहन खड़े कर मरम्मत का काम न करें, अन्यथा नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाने की मांग की है।

# निहंग सिंह के वेश में आए बदमाशों ने ज्वेलर के घर डाली 7 करोड़ की डकैती

**गुरदासपुर में सुबह 8 बजे वारदात, परिवार को बंधक बनाकर सोना-कैश और हैरियर कार लेकर फरार; जाते समय CCTV का DVR भी साथ ले गए**





गुरदासपुर, यूटर्न, 05 फरवरी। गुरुवार सुबह एक सनसनीखेज डकैती की वारदात सामने आई। निहंग सिंह के वेश में आए पांच हथियारबंद बदमाशों ने जेल रोड स्थित स्कीम नंबर-5 इलाके में ज्वेलर वरुण महाजन के घर में घुसकर करीब 7 करोड़ रुपये के सोने के जेवर और नकदी लूट ली। बदमाशों ने पहले परिवार को बंधक बनाया, फिर घर की चाबियां लेकर अलमारियां खंगाल डालीं। वारदात के बाद आरोपी परिवार की हैरियर कार में फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी।

### टाइमलाइन (कैसे हुई वारदात)

सुबह 8:00 बजे -निहंग सिंह के वेश में पांच लोग ज्वेलर के घर पहुंचे।

8:05 बजे- ड्राइवर से बात करने के बहाने घर के अंदर घुस गए।

8:10 बजे -हथियार निकालकर पूरे परिवार को बंधक बना लिया।

8:15 बजे -नेहा महाजन के सिर पर पिस्टल तानकर सभी को एक जगह इकट्ठा किया।

8:20 बजे -परिवार के सदस्यों को अलग-अलग कमरों में बंद कर चाबियां ले लीं।

8:30 बजे -घर से सोना और नकदी लूटी, CCTV का DVR भी साथ ले गए।

8:35 बजे - बदमाश परिवार की हैरियर कार लेकर फरार हो गए।

### पुलिस एंगल

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने पहले से पूरी रेकी कर रखी थी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों को घर में रखे सोने और नकदी की जानकारी कैसे मिली।

## नशीली गोलियां, हेरोइन, ड्रग मनी और नशीले पदार्थ समेत 3 व्यक्ति काबू

होशियारपुर/दलजीत अजनोहा: थाना महिलपुर की पुलिस ने 60 नशीली गोलियां, 18 ग्राम हेरोइन, 97100 रुपये ड्रग मनी और 22 ग्राम नशीला पदार्थ समेत तीन व्यक्तियों को काबू कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी मुताबिक थाना प्रभारी मदन सिंह ने बताया कि थानेदार सतनाम सिंह समेत पुलिस पार्टी सैला खुर्द से रनियाला, टूटो मजार साइड को जा रही थी, तो जब पुलिस पार्टी अड्डा गांव रनियाला पास पहुंची तो एक मोना व्यक्ति मुहम्मद फारूक अहमद उर्फ बोतू पुत्र लियाकत अली वासी सरोह थाना बड़ी जिला सांबा (जम्मू कश्मीर) हाल निवासी हकूमतपुर की संदेह के आधार पर तलाशी लेने पर उसके पास से खुल्ली नशीली गोलियां कुल 60 गोलियां बरामद हुई। इस तरह थानेदार गुलशन मुहम्मद समेत पुलिस पार्टी ने गांव ढाडा खुर्द में किसी व्यक्ति तरसेम सिंह उर्फ गुरदावर पुत्र हरभजन सिंह निवासी ढाडा खुर्द थाना महिलपुर को किसी संदिग्ध चीज होने के कारण रोका, जिसके कब्जे से 18 ग्राम हेरोइन और 97100 रुपये ड्रग मनी बरामद हुई, जिस पर मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई गई। एस.आई चतविंदर सिंह समेत पुलिस पार्टी पिंड खेड़ा लगे पहुंची तो एक मोना व्यक्ति रविंदर सिंह उर्फ इद्दी पुत्र चुहड सिंह निवासी नंगल कलां घबरा कर भागने लगा, जिसे काबू कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 22 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

## सेक्टर 38 में हॉकी प्लेयर युवती की चाकू गोदकर हत्या, अगले महीने पंजाब पुलिस में होने वाली थी जॉइनिंग

अजीत झा.

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। शहर के सेक्टर-38ए में गुरुवार को दिनदहाड़े एक युवती की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान तानिया के रूप में हुई है, जो एक होनहार हॉकी




खिलाड़ी बताई जा रही है और राष्ट्रीय स्तर पर भी खेल चुकी थी। जानकारी के अनुसार अगले महीने ही उसकी पंजाब पुलिस में जॉइनिंग होने वाली थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। परिजनों के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच तानिया अपनी मां के साथ सेक्टर-38ए स्थित घर में मौजूद थी। इसी दौरान उनकी बुआ के बेटे कृष्णा, गगन और राज वहां पहुंचे और मकान खाली कराने को लेकर विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि कहासुनी के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने तेजधार हथियार से तानिया पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तानिया गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटी को बचाने के लिए बीच-बचाव करने आई उसकी मां को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। गंभीर रूप से घायल तानिया को परिजन सेक्टर-16 सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही सेक्टर-39 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए डीएसपी धीरज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है, जिसमें इंस्पेक्टर रामदयाल समेत कई पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों की लोकेशन का पता लगाया जा सके।



पेज 08 राज्यसभा चुनाव: कांग्रेस ने हिमाचल से अनुराग...

# होली पर चंडीगढ़ में 'खून की होली': तीन युवकों की हत्या, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

अजीत झा,

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। रंगों के त्योहार होली के दिन चंडीगढ़ में हिंसा की तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत हो गई। मामूली विवाद और कहासुनी के बाद हुई इन वारदातों ने शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि त्योहार को देखते हुए पुलिस ने 1150 जवानों की तैनाती की थी। पहली घटना मक्खनमाजरा गांव में हुई, जहां 21 वर्षीय अंकित की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। अंकित मूल रूप से बिहार के गोपालगंज का रहने वाला था और चंडीगढ़ में मजदूरी करता था। होली खेलते समय मोहल्ले के कुछ युवकों से कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक ने अंकित के पेट में चाकू से कई वार कर दिए। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना रामदरबार इलाके में हुई। 23 वर्षीय सूरज अपने दोस्त के साथ पैदल जा रहा था, तभी एक पिकअप वैन की टक्कर से दोनों घायल हो गए। विवाद के दौरान सूरज को



गाड़ी में खींच लिया गया और बाद में उसकी लाश सड़क किनारे मिली। तीसरी घटना में अजय नामक युवक की मामूली बहस के बाद



मृतक पहला मामला अंकित



मृतक अंकित की ही फोटो

मारपीट में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़ में दिनदहाड़े युवक पर तलवारों से हमला, 10-15 हमलावरों ने घेरकर किया हाथ पर वार; हालत गंभीर, पीजीआई रेफर

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। शहर के मौलीजागरां थाना क्षेत्र के विकास नगर में गुरुवार शाम दिनदहाड़े एक युवक पर तलवारों से जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। करीब 10 से 15 युवकों ने मिलकर युवक को घेर लिया और उस पर तेजधार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए। हमले में युवक के दोनों हाथों पर गहरी चोटें आई हैं।

गंभीर रूप से घायल युवक को पहले सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने के कारण उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान मोहम्मद गुफरान के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक गुरुवार



शाम करीब चार बजे गुफरान विकास नगर इलाके में मौजूद था। इसी दौरान अचानक 10 से 15 युवक वहां पहुंचे और उसे घेरकर तलवारों व अन्य तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके हाथों पर बेरहमी से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

## इलाके में मची अफरा-तफरी

दिनदहाड़े हुए इस हमले से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल गुफरान को उठाकर अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमला इतना अचानक और तेज था कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए।

# भीख में नकद देने से बचने की अपील, एनएचआरएसीएफ ने मानवाधिकार आयोग सदस्य डॉ. शुंटी से की मुलाकात



चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स (एनएचआरएसीएफ) के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य डॉ. जतिंदर सिंह शुंटी से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पवित्र सिरोपा और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अपने जन-जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष पोस्टर भी प्रस्तुत किया, जिसमें भिखारियों को नकद दान देने के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया है। संगठन का कहना है कि नकद दान कई बार अनजाने में संगठित भीख मांगने और बाल शोषण को बढ़ावा देता है।

इस पहल के तहत लोगों से अपील की गई है कि वे नकद देने के बजाय जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएं दान करें। संगठन का उद्देश्य शहर को भिखारी-मुक्त और शोषण-मुक्त बनाने के लिए जिम्मेदार दान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जागरूकता पोस्टर को शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक यह संदेश पहुंच सके।

डॉ. जतिंदर सिंह शुंटी ने संगठन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा के लिए सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी है। उन्होंने इस अभियान के समर्थन में एक वीडियो संदेश भी जारी किया और लोगों से भिखारियों को नकद देने से बचने की अपील की। इस मौके पर एनएचआरएसीएफ के चेयरमैन अनिल वोहरा, महासचिव रजत मल्होत्रा, उपाध्यक्ष राजन महाजन, दिलजीत ठकुराल और सचिव रविंदर नाथ भी मौजूद रहे। संगठन ने मानवीय गरिमा की रक्षा, बाल शोषण को रोकने और समाज में जिम्मेदार सामाजिक व्यवहार को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# गुरदासपुर मुठभेड़ मामले में हाई कोर्ट सख्त, पंजाब DGP से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। पंजाब के गुरदासपुर में 19 वर्षीय रणजीत सिंह की पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने पंजाब के डीजीपी को दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 17 मार्च को तय की गई है। सुनवाई के दौरान






कोर्ट ने हाल के मुठभेड़ मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि लगभग हर घटना में एक जैसा पैटर्न दिखाई देता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि वह ऐसे मामलों में आंखें बंद नहीं कर सकती।

राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि 21-22 फरवरी की रात दो पुलिसकर्मियों की हत्या हुई थी और उसी मामले में रणजीत सिंह को 24 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि अदालत द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी ने कहा कि मारे गए युवक की उम्र 19 वर्ष थी और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से अपने दावे के समर्थन में ठोस सबूत पेश करने को कहा। एजीटीएफ के डीआईजी ने बताया कि आरोपी को हथियार बरामदगी के लिए ले जाया गया था, जहां उसने भागने की कोशिश की। इस पर कोर्ट ने सवाल उठाया कि हिरासत में होने के बावजूद आरोपी कैसे भागा। डीजीपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

### बार बार आती problems और उसके solutions

आज की जनरेशन ने क्या-क्या नहीं देखा। यह पीढ़ी शायद इस सदी की सबसे ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने वाली पीढ़ियों में से एक है। बचपन ठीक से समझ ही नहीं आया था कि अचानक नोटबंदी हो गई। घर के बड़े लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, टीवी पर बस एक ही चर्चा - पैसा, बैंक और भविष्य । हमें पहली बार समझ आया कि देश के फैसले सीधे हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी कोकैसे बदल देते हैं। फिर समय बदला, और दुनिया ने एक ऐसी त्रासदी देखी जैसे कोविड की महामारी स्कूल बंद, ऑनलाइन क्लास, मास्क, डर और अनिश्चितता। दोस्तों से दूरी, घर में कैद-सा जीवन इस दौर ने हमें सिखाया कि ज़िंदगी कितनी नाजुक है और परिवार कितना जरूरी। इसी बीच सीमा पर तनाव की खबरों ने माहौल को और गंभीर बना दिया। हर तरफ राष्ट्रवाद, चिंता और युद्ध की आशंका। न्यूज चैनलों की बहसें, सोशल मीडिया की गर्मी ऐसा लगता था मानो बस कुछ बड़ा होने ही वाला है और अब जब दुनिया में अलग-अलग देशों के बीच टकराव की खबरें आती हैं, तो कभी-कभी माहौल सच में विश्व युद्ध जैसा लगने लगता है। मन में सवाल उठताहै कि अब और क्या देखना बाकी है? सबसे मुश्किल बात यह है कि जब भी हम खुद को संभालने की कोशिश करते हैं, कोई नई मुसीबत सामने खड़ी मिलती है। कभी आर्थिक दबाव, कभी पढ़ाई और करियर की टेंशन, कभी सामाजिक तनाव। ऐसा लगता है जैसे स्थिरता बस एक सपना बनकर रह गई है। लेकिन शायद इस पीढ़ी की सबसे बड़ी ताकत भी यही है - इसने हर हाल में खुद को ढालना सीखा है। बदलाव को स्वीकार करना सीखा, टेक्नोलॉजी को अपनाया, और मुश्किल समय में भी आगे बढ़ना नहीं छोड़ा। हो सकता है आगे भी चुनौतियाँ आएँ। यह भी सच है कि भविष्य पूरी तरह स्पष्ट नहीं। पर यह भी सच है कि हर मुश्किल दौर केबाद एक नया सवेरा आता है। यह जनरेशन टूटी नहीं है, बल्कि हर झटके के बाद और मजबूत हुई है। शायद सवाल यह नहीं कि अब क्या बाकी है? सवाल यह है कि यह मुश्किल घड़ी कब तक खत्म होगी? सब ठीक हो भी जाए तब यह लोग आगे क्या बेहतर कर सकते हैं? क्योंकि इतिहास गवाह है - हर संकट के बाद एक नई शुरूआत जरूर होती है।

# सेक्टर 39 में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया

लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। वार्ड 19 की पार्षद निधि गुप्ता और टीम द्वारा सेक्टर 39 स्थित राम दरबार मंदिर के बाहरी प्रांगण में होली उत्सव बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक बना, जिसमें शहर के विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संगठनों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत ठाकुर जी के गुणगान से हुई तथा वृंदावन की परंपरा का अनुसरण करते हुए फूलों से होली खेली गई। विशेष



रूप से वृंदावन से आमंत्रित भजन गायिका माधवी शर्मा एवं भजन गायक पारस लाडला ने अपने मधुर भजनों से समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। होली उत्सव में विशेष रूप से पंजाब कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां, विधायक हल्का पूर्वी दलजीत सिंह ग्रेवाल, भाजपा पंजाब उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल, कांग्रेस जिला प्रधान संजय तलवार, आम आदमी पार्टी के पार्षद जसपाल सिंह ग्रेवाल, लकी चौधरी, जसप्रीत कौर (सुरजीत ठेकेदार), अश्विनी शर्मा, सिमरनप्रीत कौर (राजू बाबा), प्रदीप शर्मा गैबी, जिला मीडिया प्रधान पुनीत साहनी, लेबर बोर्ड डायरेक्टर अजय मित्तल, भाजपा पार्षद हैप्पी शेरपुरिया, गौरवजीत सिंह गोरा, अकाली पार्षद कमल अरोड़ा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## स्प्रिंग डेल में मची होली की धूम

लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। रंगों का त्योहार होली स्प्रिंग डेल स्कूल में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किंडरगार्टन के बच्चों ने पुष्प होली खेलकर आनंद उठाया। बच्चों ने चंदन और गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेलकर समाज को रासायनिक रंगों का प्रयोग न करने का संदेश भी दिया इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया ने छोटे बच्चों के साथ पुष्प होली खेलने का आनंद उठाया। उन्होंने अपने शुभ संदेश में कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए इस त्योहार को सादगी और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही डायरेक्टर्स मनदीप वालिया, कमलप्रीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा और प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा ने भी सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Ancestral Property और Self-Acquired Property में अंतर क्या है?**

संपत्ति विवादों में सबसे अधिक भ्रम इन दो शब्दों को लेकर होता है — Ancestral Property और Self-Acquired Property। दोनों के अधिकार नियम अलग हैं।

Ancestral Property वह संपत्ति होती है, जो चार पीढ़ियों तक बिना बँटवारे के चली आ रही हो — पिता, दादा, परदादा से प्राप्त। इसमें संतान को जन्म से ही अधिकार प्राप्त हो सकता है। ऐसी संपत्ति को अकेला व्यक्ति मनमाने ढंग से पूरी तरह नहीं बेच सकता, यदि अन्य सह-अधिकारियों का हित प्रभावित हो।

इसके विपरीत Self-Acquired Property वह है, जो व्यक्ति ने स्वयं कमाई, खरीदी या वैध रूप से प्राप्त की हो। इस पर उसका पूर्ण स्वामित्व होता है। वह इसे Will, Gift या बिक्री के माध्यम से अपनी इच्छा से किसी को भी दे सकता है।

अक्सर यह भ्रम होता है कि 'पिता की हर संपत्ति पैतृक होती है।' यह सही नहीं है। यदि संपत्ति पिता ने स्वयं खरीदी है, तो वह Self-Acquired है, भले ही परिवार में उपयोग हो रहा हो।

निष्कर्ष : Ancestral Property में जन्मसिद्ध अधिकार हो सकता है; Self-Acquired Property पर व्यक्तिगत नियंत्रण पूर्ण होता है। संपत्ति की प्रकृति समझे बिना अधिकार तय करना संभव नहीं।

## व्हाइट टी-शर्ट थीम संग रंगीन होली सेलिब्रेशन

लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। साउथ सिटी के एक रेस्तरां में सैसी स्केबर्ड ग्रुप की ओर से होली सेलिब्रेशन की गई, जिसमें शाट्स विद व्हाइट टी-शर्ट थीम ने पार्टी को ओर खास बना दिया। इस दौरान महिलाएं सफेद टी-शर्ट में ड्रेसअप होकर पहुंची। एक-दूसरे को रंग लगाकर होली के उत्सव की औपचारिक शुरूआत हुई। सभी महिलाएं एक साथ डांस फ्लोर पर उतर आई और जमकर थिरकी। पार्टी के दौरान खास फोटोशूट और फनी रील्स भी तैयार की गई। रंगों से सजे चेहरे और मुस्कुराते अंदाज ने इस दिन को और भी यादगार बना दिया।



## युवाओं को जोड़ता भजन क्लबिंग, फूलों की होली में दिखा आस्था का जोश

लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। लुधियाना के सतलुज क्लब में एक आध्यात्मिक और ऊर्जा से भरपूर संध्या का आयोजन किया गया। भजन क्लबिंग नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 350 श्रद्धालु शामिल हुए। भक्ति को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत करने का यह प्रयास सभी को बेहद पसंद आया। कार्यक्रम की खास थीम फूलों की होली रही। पूरे माहौल में फूलों की वर्षा के बीच श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए।



भक्ति, संगीत और उत्सव का यह सुंदर संगम सभी के लिए यादगार अनुभव बन गया इस कार्यक्रम का आयोजन शालू वर्मा, कीर्ति ग्रोवर और बहार गुप्ता द्वारा किया गया। संध्या को खास बनाने के लिए ऐसे कलाकारों ने प्रस्तुति दी, जो राष्ट्रीय मंच इंडियन आइडल और प्रतिष्ठित आयोजन लैक्मे फैशन वीक में भी अपनी कला दिखा चुके हैं। इन कलाकारों ने भजनों को आधुनिक संगीत और नई ऊर्जा के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लुधियाना के डीसी हिमांशु जैन मौजूद रहे। शालू वर्मा ने कहा कि भजन क्लबिंग आधुनिक सत्संग की ओर एक नई सोच है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 5 आरोपी गिरफ्तार, 3 मोटरसाइकिल व 4 तेजधार हथियार बरामद

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 5 मार्च। लुधियाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन मोटरसाइकिल और चार तेजधार हथियार बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के निदेर्शों पर की गई। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस जोन-4 जशनदीप सिंह (पीपीएस) और सहायक पुलिस कमिश्नर इंडस्ट्रियल एरिया-ए इंदरजीत सिंह (पीपीएस) की अगुवाई में थाना जमालपुर की पुलिस तथा चौकी मुंडियां कलां की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपियों को दबोचा।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल सिंह चड्ढा उर्फ लाला निवासी एमआईजी फ्लैट जमालपुर, जगजीत सिंह उर्फ जीता निवासी गोबिंद नगर भामियां कलां, अनमोल रतन सिंह उर्फ अनमोल निवासी बॉबी कॉलोनी ताजपुर, मोहित निवासी सरपंच कॉलोनी ताजपुर तथा करमजीत सिंह उर्फ कम्मू निवासी ग्रीन सिटी भूखड़ी, लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान एक आरोपी पारस सिंह निवासी संतोषपुरा, फिल्लौर (जिला जालंधर) मौके से फरार हो गया। उसके खिलाफ चोरी और स्नैचिंग के करीब पांच मामले पहले से दर्ज हैं। इस संबंध में थाना जमालपुर में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया गया है और उनसे आगे पूछताछ जारी है। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या

## लुधियाना के जोधा गांव की रहने वाली थी; विवादित टिप्पणियों को लेकर रहती थी चर्चा में

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 5 मार्च। कनाडा के विंडसर शहर में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की घर में घुसकर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन पुलिस के अनुसार मंगलवार रात करीब साढ़े 9 बजे अज्ञात हमलावर उसके घर में दाखिल हुए और उस पर कई वार किए। हमलावर वारदात के बाद उसे गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और एसेक्स-विंडसर इमरजेंसी मेडिकल टीम मौके पर पहुंची और घायल नैन्सी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विंडसर के टॉड लेन स्थित घटनास्थल और आसपास के दो घरों को घेरकर जांच शुरू की है तथा इलाके में करीब एक किलोमीटर तक क्षेत्र को सील कर दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।







नैन्सी ग्रेवाल मूल रूप से पंजाब के लुधियाना जिले के जोधा गांव की रहने वाली थी, जबकि उसकी स्कूलिंग हरियाणा में हुई थी। वह अपने यूट्यूब वीडियो के कारण अक्सर सुर्खियों में रहती थी और सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक मुद्दों पर बेबाक टिप्पणियां करती थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है और लोगों से भी किसी प्रकार की जानकारी साझा करने की अपील की है।

### 'मेरी बेटी को इंसाफ मिले'

छिंदरपाल ने कहा, 'मेरी बेटी नैंसी 2018 में कनाडा गई थी और उसने नर्सिंग का कोर्स किया था। वह वहां दो कंपनियों में काम करती थी। 2 मार्च को मेरी नैंसी से



फोन पर बात हुई थी और 3 मार्च को उसका कत्ल कर दिया गया। मेरी बेटी को कई बार धमकियां भी मिली थीं। दुश्मनों ने कहा था कि हमसे माफी मांग लो, नहीं तो मार देंगे। मेरी बेटी ने सारे सबूत कनाडा पुलिस को दे दिए थे। मैं कनाडा सरकार से अपील करती हूं कि मेरी बेटी को इंसाफ दिलाया जाए और कातिलों को सख्त सजा दी जाए।

# ढाबे पर खड़ी बाइक में पहले मारी टक्कर, फिर कार सवार युवकों ने जमकर की गुंडागर्दी

लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। न्यू सुंदर नगर इलाके में एक ढाबे पर चाय पीने आए युवकों द्वारा सरेआम गुंडागर्दी की गई। उन्होंने पहले वहां खड़ी बाइक को टक्कर मारी, जब बाइक चालक ने हजार्ना मांगा तो युवकों ने उस पर पिस्टल तान दी। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चौंकी मुड़ियां कलां की पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित गुलफाम ने बताया कि वह ढाबे पर चाय पीने गया था। इसी दौरान कार सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और उन्होंने गुलफाम की खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक गिर गई और उसका इंडिकेटर टूट गया। जब गुलफाम ने नुकसान का हजार्ना मांगा तो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गए। ढाबा मालकिन नेहा के मुताबिक दोपहर के समय करीब 7-8 युवक चाय पीने आए थे। उनकी हरकतों से लग रहा था कि उन्होंने नशा किया हुआ है। मैंने उन्हें टोकते हुए कहा कि जिन्हें चाय पीनी है वही अंदर रहें बाकी बाहर जाएं। जब वे बाहर निकले तो उनकी कार बाइक से टकरा गई जिसके बाद सारा विवाद शुरू हुआ। हमारा इस झगड़े से कोई लेना-देना नहीं है।



# गुरू हरराय नगर में 94 लाख की लागत से नई सड़क का शुभारंभ



लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। विधानसभा उतरी को मार्डन विधानसभा बनाने के उद्देश्य से विकास कार्यो को जारी रखते हुए विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने वार्ड 95 के गुरू हरराय नगर में 94 लाख की लागत से बनने वाली नई रोड के कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान पार्षद अमन बग्गा व आप के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार भी विशेषतौर पर उपस्थित थे। विधायक चौ. मदन लाल बग्गा ने विधानसभा उतरी की जनता से किए वायदों की वचनवद्धता दोहराते हुए कहा कि जनता से किया एक-एक वायदा पूरा किया जाएगा। उन्होने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतत्व में विधानसभा उतरी सहित पंजाब का चौतरफा विकास हो रहा है। वही स्वास्थ्य सेवा में पंजाब नई ऊंचाइयों पर जा रहा है। आम आदमी पार्टी सरकार ने हर नागरिक के लिए सुलभ, किफायती और उन्नत स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित की है इसी कड़ी के तहत हर परिवार को 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। पंजाब में अब स्वास्थ्य अब विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार है। इस अवसर पर नगर निगम जेई विकास, जेई हिमांशु, सीएसआई बंटी डोगरा, इस्पैक्टर तलविन्द्र, सोमनाथ बाली, जलजीत सिंह, गुरमेल राम, राजिन्द्र, राम लाल सिद्धू, बलबीर सिंह सहित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसीपल, स्टाफ व इलाका निवासी भी उपस्थित थे।

# अपना कारोबार, अपनी पहचान मुहिम के तहत उद्यमी महिलाओं को किया सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ताकि वे अपने परिवार और समाज की तरक्की में अहम भूमिका निभा सकें। इन विचारों का प्रकटावा लुधियाना नॉर्थ से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने जालंधर बाईपास के पास एक निजी होटल में आयोजित महिला उद्यमी सम्मान-2026 कार्यक्रम के दौरान किया। यह कार्यक्रम अपना कारोबार, अपनी पहचान मुहिम के तहत आयोजित किया था। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली उद्यमी महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विधायक बग्गा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज में अलग पहचान दिलाना और उनका हौसला बढ़ाना है, ताकि अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि कई महिलाएं घर बैठे टिफिन सेवा, सैलून, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी वर्क और अन्य छोटे कारोबारों के जरिए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर मेयर इंद्रजीत कौर, तहसीलदार किरण, महिला विंग जिला प्रधान मनीषा कपूर, हलका इंचार्ज पूनम अरोड़ा, जोन प्रमुख अजिंदर, काउंसलर शरणजीत कौर बाजवा, काउंसलर तजिंदर कौर राजा मौजूद रहे।

# राज्यसभा चुनावः कांग्रेस ने हिमाचल से अनुराग, हरियाणा से करमवीर बौद्ध को मैदान में उतारा; BJP से सतीश नांदल उम्मीदवार

चंडीगढ़/यूटर्न/5 मार्च। कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी के सीनियर प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी को 16 मार्च को होने वाले तेलंगाना के राज्यसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा, जिसमें हिमाचल प्रदेश से कांगड़ा जिले के चीफ अनुराग शर्मा और हरियाणा से करमवीर बौद्ध को उम्मीदवार बनाया गया। बौध हरियाणा कांग्रेस में किसी भी खेमे से नहीं हैं। वह पहले AICC में शेड्यूल्ड कास्ट सेल के सेक्रेटरी थे और हाईकमान के उम्मीदवार और शेड्यूल्ड कास्ट सेगमेंट के नेता हैं। हिमाचल प्रदेश में, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी अनुराग शर्मा को नॉमिनेट किया गया है। यह ऐसे समय में हुआ है जब पूर्व राज्य प्रमुख प्रतिभा सिंह खुद या अपने बेटे विक्रमादित्य सिंह के लिए नॉमिनेशन की उम्मीद कर रही थीं।



### सीएम रेड्डी के सलाहकार नॉमिनेट

छत्तीसगढ़ में, पार्टी ने आदिवासी नेता फूलो देवी नेहताम को फिर से नॉमिनेट किया है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी को भी नॉमिनेट किया गया है। कांग्रेस उम्मीदवारों की लिस्ट ने पार्टी कैंप में तुरंत उत्सुकता पैदा कर दी, खासकर बौद्ध और अनुराग शर्मा, दोनों वाइल्ड कार्ड उम्मीदवारों के नॉमिनेशन की वजह से।

### हुड्डा के राजनीतिक दुश्मन मानें जाते हैं नांदल

नांदल, जो पहले INLD नेता थे, हुड्डा के बड़े पॉलिटिकल दुश्मन माने जाते हैं। उन्होंने हुड्डा के खिलाफ गढ़ी-सांपला-किलोई से लगातार तीन असेंबली चुनाव लड़े थे - 2009 और 2014 में क्छछऊउम्मीदवार के तौर पर और 2019 में BJP उम्मीदवार के तौर पर। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथी और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के करीबी माने जाने वाले नांदल ने पिछले साल अक्टूबर में रोहतक के लाधौत गांव में आत्महत्या करने वाले अरकसंदीप लाठर के परिवार के साथ बीच-बचाव करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने यह पक्का किया कि उनकी शिकायतों का समाधान हो और पोस्टमॉर्टम हो।

### बीजेपी ने बिजनेसमैन नांदल को मैदान में उतारा

राज्यसभा चुनाव में रंग भरते हुए, इखढ के हरियाणा वाइस-प्रेसिडेंट सतीश नांदल, जो एक कंस्ट्रक्शन बिजनेसमैन हैं, ने गुरुवार को यहां तीसरे उम्मीदवार के तौर पर अपना नॉमिनेशन पेपर फाइल किया। वह हरियाणा लोकहित पार्टी के गोपाल कांडा, एक और इखढ पदाधिकारी अर्चना गुप्ता और एक रियल एस्टेट डेवलपर के साथ टॉप दावेदारों में से एक थे। नांदल, जो एक जाट हैं, रोहतक जिले के गढ़ी-सांपला-किलोई असेंबली एरिया से हैं, जिसे अभी पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा रिप्रेजेंट करते हैं।

### संचित नांदल लड़ चुके मेयर चुनाव

नांदल के बेटे संचित नांदल ने भी 2018 में क्छछऊउम्मीदवार के तौर पर रोहतक मेयर का चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। हालांकि, उनके चुनाव लड़ने से कथित तौर पर इखढ उम्मीदवार मनमोहन गोयल को वोटों का बंटवारा करके जीत दिलाने में मदद मिली, जैसा कि ग्रोवर ने हाल ही में दावा किया था। इसके बाद, नांदल ऑफिशियली इखढ में शामिल हो गए और तब से रोहतक में पार्टी के मामलों में एक्टिव रूप से शामिल हैं। चुनाव 16 मार्च को होंगे।

# एक युग का अंतः 10 बार सीएम रहने के बाद अब नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए नॉमिनेशन पेपर फाइल किया

चंडीगढ़/यूटर्न/5 मार्च। बिहार के पॉलिटिकल इतिहास का एक अहम चैप्टर खत्म होता दिख रहा है क्योंकि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के ऑफिस से राज्यसभा जाने की तैयारी कर रहे हैं, जो राज्य के पॉलिटिकल माहौल में एक बड़ा बदलाव है। कुमार, जो रिकॉर्ड दस बार बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लगभग दो दशकों से राज्य के सबसे प्रभावशाली पॉलिटिकल लोगों में से एक रहे हैं। जेपी आंदोलन से बने एक नेता से लेकर गठबंधन की राजनीति में एक सेंट्रल हस्ती बनने तक के उनके सफर ने सालों तक बिहार में गवर्नेंस को डिफाइन किया है। अपने एडमिनिस्ट्रेटिव फोकस और बदलते गठबंधनों को संभालने की काबिलियत के लिए जाने जाने वाले कुमार ने एक अनुभवी स्ट्रैटेजिस्ट के तौर पर अपनी इमेज बनाई, जो मुश्किल चुनावी माहौल में पॉलिटिकल इक्वेशन को बैलेंस करने में काबिल हैं। बाद में, नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नॉमिनेशन पेपर फाइल किया।



### केंद्रीय गृह मंत्री रहे नॉमिनेशन में सामिल

नॉमिनेशन प्रोसेस के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और जीतन राम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और दूसरे सीनियर नेता मौजूद थे। यह 2025 के विधानसभा चुनावों में ठऊअ की जीत के बाद मुख्यमंत्री के तौर पर अपने दसवें कार्यकाल के लिए शपथ लेने के कुछ महीने बाद हुआ है। इस कदम को आम तौर पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के लिए पहली बार बिहार में मुख्यमंत्री पद संभालने का रास्ता बनाने के तौर पर देखा जा रहा है, एक ऐसा डेवलपमेंट जो गठबंधन के अंदर पावर बैलेंस को काफी बदल सकता है।

### जेडीयू ने निभाई सेंट्रल भूमिका

सालों तक, कुमार की पार्टी, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू), ने राज्य शासन में एक सेंट्रल भूमिका निभाई, अक्सर गठबंधन व्यवस्थाओं के इर्द-गिर्द धुरी के रूप में काम किया। हालांकि, राज्य में बीजेपी की बढ़ती चुनावी ताकत ने धीरे-धीरे गठबंधन के अंदर के डायनामिक्स को बदल दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कुमार का राष्ट्रीय राजनीति में आना एक पीढ़ीगत और रणनीतिक बदलाव का संकेत है। बीजेपी के जिन बड़े नेताओं के नाम पर संभावित वारिस के तौर पर बात हो रही है, उनमें डिप्टी चीफ मिनिस्टर सम्राट चौधरी और यूनियन मिनिस्टर नित्यानंद राय शामिल हैं, हालांकि अभी कोई ऑफिशियल फैसला नहीं हुआ है।

### ऑगेर्नाइजेशनल स्ट्रैटेजी पर चर्चा शुरू

जेडीयू के अंदर, इस डेवलपमेंट ने पार्टी की भविष्य की दिशा और ऑगेर्नाइजेशनल स्ट्रैटेजी पर चर्चा शुरू कर दी है। एनालिस्ट्स का कहना है कि बदलते पॉलिटिकल माहौल में पार्टी को अपनी जगह बनाए रखने और अपने ट्रेडिशनल सपोर्ट बेस को बचाने के लिए अपनी भूमिका को फिर से तय करने की जरूरत हो सकती है। कुमार का राज्यसभा जाना एक रूटीन पॉलिटिकल बदलाव से कहीं ज्यादा है। यह उनके लीडरशिप स्टाइल और गठबंधन की कला से तय एक युग के अंत का संकेत देता है, साथ ही बिहार के शासन में एक नए दौर की शुरूआत करता है, जिसमें बीजेपी राज्य के पॉलिटिकल स्ट्रक्चर की कमान मजबूती से संभाल सकती है।

# हरिनाम संकीर्तन में श्री ठाकुर जी संग खेली महा रासलीला और फूलों की होली



लुधियाना/यूटर्न/5 मार्च। लुधियाना के कुंदन पुरी में श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्ध पीठ) की ओर से होली उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कमलदीप छाबड़ा परिवार द्वारा श्री ठाकुर जी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। संकीर्तन से पहले श्री ठाकुर जी की प्रार्थना कर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया।होली उत्सव के लिए श्री ठाकुर जी का भव्य दरबार सजाया गया, जिसे रंग-बिरंगी पिचकारियों, गुलाल और गुब्बारों से विशेष रूप से सजाया गया था। पूरा दरबार अत्यंत आकर्षक और दर्शनीय दिखाई दे रहा था। होली उत्सव के अवसर पर संकीर्तन के दौरान श्री ठाकुर जी की भव्य महा रासलीला का भी आयोजन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों और रंगों के साथ जमकर होली खेली और पूरा परिसर फूलों की खुशबू और रंगों से सराबोर हो गया। इस अवसर पर बाबा मीना शाह, सतीश वशिष्ठ, दिलप्रीत कालरा, विशाल ढल, हनी सिक्का, माधव कालड़ा, मनीष वशिष्ठ, अरुण टंडन, मुनिश बस्सी, कृष्ण ढल, शुभम ढल, तरुण सलूजा, विक्रम आनंद और आन वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले चार वर्षों में 1464 करोड़ रुपये की बचत: हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

## 30 जून तक 45,000 किलोमीटर सड़कों का होगा निमार्ण: लोक निर्माण मंत्री

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। पंजाब सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा पारदर्शी टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से पिछले चार वर्षों में 1464 करोड़ रुपये की बचत की गई है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू करने से पहले की प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और तर्कसंगत बनाए जाने के कारण यह बचत संभव हो सकी है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने 30 जून, 2026 तक राज्य की 45,000 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें 4700 किलोमीटर नई सड़कों के निर्माण के साथ-साथ पुरानी सड़कों के रखरखाव और चौड़ीकरण का कार्य भी



शामिल है। उन्होंने बताया कि इस कार्य पर 16,209 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने आगे बताया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सी.एम. फ्लाइंग स्क्वॉड द्वारा लगातार जांच की जा रही है। इसके अलावा सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य की समीक्षा के लिए रोजाना जिला-वार और सर्कल-वार समीक्षा बैठकें भी की जा रही हैं।

हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि पंजाब राज्य में सड़क घनत्व 154 किलोमीटर प्रति 100 वर्ग किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि भले ही केंद्र सरकार द्वारा पंजाब का आर.डी.एफ. का 8800 करोड़ रुपये लंबे समय से जारी नहीं किया गया है, फिर भी मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के लोगों को बेहतर सड़क नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है।उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में सड़क मार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मक्खन माजरा कबाड़ी मार्केट में युवक की चाकू मारकर हत्या

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। थाना मौली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मक्खन माजरा स्थित कबाड़ी मार्केट में होली के दिन शाम करीब 5 बजे हड़कंप मच गया जब आपस में शराब पी रहे युवकों के बीच मामूली कहासुनी खूनी वारदात में बदल गई। थाना प्रभारी हरिओम शर्मा द्वारा बताया की ये कपड़े फटने की बात को लेकर विवाद बढ़ गया। था इसी दौरान एक युवक ने 21 वर्षीय अंकित पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल अंकित 22को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सेक्टर-32 में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।



# जगरांव ब्लॉक समिति चुनाव कोरम के अभाव में दूसरी बार टले, राजनीतिक सरगर्मियां तेज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/5/मार्च। कांग्रेस और अकाली दल के सदस्यों की गैर-हाजिरी ने बढ़ाया सस्पेंस जगरांव के बी.डी.पी.ओ. कार्यालय में ब्लॉक समिति के चेयरमैन और वाइस-चेयरमैन के चुनाव को लेकर चल रहा राजनीतिक गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 2 मार्च की तरह आज (5 मार्च) को भी बैठक में कोरम पूरा न होने के कारण प्रशासन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया है। इस घटनाक्रम ने जहां स्थानीय राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है, वहीं राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है।

स्थानीय एस.डी.एम. उपिंदरजीत कौर बराड़ के नेतृत्व में आज फिर चुनाव बैठक बुलाई गई थी। पिछली बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) के सदस्यों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी थी, लेकिन आज की बैठक में राजनीतिक समीकरण बदले हुए नजर आए। आज न केवल 'आप' के सदस्य, बल्कि शिरोमणि अकाली दल के चार सदस्य और कांग्रेस पार्टी के 13 में से 2 सदस्य भी नदारद रहे। सदस्यों की इसी गैर-मौजूदगी के कारण कोरम पूरा नहीं हो सका और अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया टालनी पड़ी। पिछली बैठक में



### आम आदमी पार्टी का पलटवार

दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी ने हलका विधायक बीबी सरबजीत कौर माणुके के आवास पर प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष स्पष्ट किया। विधायक और उनके पति स्वयं मीडिया के सामने नहीं आए, लेकिन पार्टी नेता कुलविंदर सिंह काला और हदूर के चेयरमैन ने मीडिया से बातचीत की। विपक्ष पर तीखा तंज कसते हुए उन्होंने कहा: अगर पिछली बैठक में कांग्रेस और अकाली दल के पास बहुमत था, तो आज जब हमारे सदस्य नहीं थे, तब उन्होंने अपना चेयरमैन क्यों नहीं चुन लिया? 'आप' नेताओं ने स्पष्ट संकेत दिए कि आने वाले दिनों में ब्लॉक समिति चुनावों में बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कई सदस्य क्षेत्र के विकास के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं और 'आप' की नीति के अनुसार, ऐसे सभी प्रतिनिधियों के लिए उनके दरवाजे खुले हैं।

कांग्रेस और अकाली दल के नेताओं ने सत्ताधारी दल पर मनमानी के आरोप लगाए थे। आज कांग्रेस के हलका इंचार्ज जगता सिंह जग्गा हिस्सोवाल ने सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके सदस्यों को डराने-धमकाने और पुलिस छापों के जरिए दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उनके सदस्य बिकने या डरने वाले नहीं हैं।

हालांकि, अपनी पार्टी के 2 सदस्यों और अकाली दल के 4 सदस्यों की गैर-हाजिरी के सवाल पर उन्होंने इसे स्वास्थ्य कारणों या अन्य पार्टी का आंतरिक मामला बताकर टालने का प्रयास किया।

# 25 लाख में बनेगी वार्ड नंबर 4 की सड़क



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/5/मार्च। वार्ड नंबर 4 के पार्षद अमरजीत सिंह मालवा ने वार्ड में पहले ही विकास शुरू करवा दिया था, वहीं जगराओं की MLA बीबी सर्वजीत कौर माणूके ने आज वार्ड नंबर 4 में ईशर हलवाई चौक से अनारकली बाजार कुक्कड़ चौक तक एक बहुत अच्छी सड़क बनाने का नींव पत्थर रखकर इस सड़क का काम शुरू करवाया। क्योंकि आज होली का त्योहार है, इसलिए MLA ने फूलों से होली खेली और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर MLA सर्वजीत कौर माणूके ने कहा कि इस सड़क को बनाने पर करीब 25 लाख रुपये खर्च होंगे और 20-25 दिनों में सड़क तैयार करके लोगों को दे दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस सड़क को रात में बनाया जाएगा ताकि दुकानदारों को कोई दिक्कत न हो। इस मौके पर प्रो. सुखविंदर सिंह, एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट कंवरपाल सिंह, कुलविंदर सिंह काला, सतीश कुमार पप्पू, कुलदीप सिंह कमल, दीपिंदर सिंह भंडारी, करमजीत सिंह कैथ, विजय कल्याण, गुरप्रीत सिंह नोनी, हरविंदर सिंह चावला, जशनप्रीत सिंह, वरिंदरपाल, अशोक कुमार, हरपाल सिंह, हरदीप सिंह, राहुल कुमार, नितन नागपाल, टिंकू रहेजा, दमन तनेजा वगैरह मौजूद थे। सड़क बनाने का नींव पत्थर रखते हुए MLA माणूके, प्रो. सुखविंदर सिंह मौजूद थे।

# ...पुलिस अधिकारी के साथ धोखाधड़ी 2 दिन में तीन मामले दर्ज, फर्जी शादी कर विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठने का आरोप

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/5/मार्च। पुलिस जिला लुधियाना देहाती के थाना सुधार में तैनात पुलिस अधिकारी मनोहर लाल के साथ ठगी करने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ पुलिस ने एक और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि ट्रैवल एजेंट युवकों को विदेश भेजने का झांसा देकर उनकी फर्जी शादी करवाते थे और इस बहाने उनसे लाखों रुपये की ठगी करते थे।

**क्या था पूरा मामला:-** मामला उस समय सामने आया जब पुलिस अधिकारी के बेटे से ठगी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर सामने आई। इसके बाद गांव घुनेवाल निवासी चरणजीत सिंह भी अपनी शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंच गया और उसने भी उन्हीं आरोपियों पर इसी तरह ठगी करने का आरोप लगाया। पुलिस को दी शिकायत में चरणजीत सिंह पुत्र तारा सिंह निवासी गांव घुनेवाल, तहसील जगराओं, जिला लुधियाना ने बताया कि लखवीर सिंह निवासी मुल्लांपुर, जिसका दफ्तर सेफ कंसलटेंट नई आबादी अकालगढ़, पालिका बाजार में है, और उसकी साथी रीना रानी निवासी अबुवाल रोड, नई आबादी अकालगढ़ ट्रैवल एजेंट का काम करते हैं।

शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों आरोपियों ने उसे भरोसा दिलाया कि वे उसकी फर्जी शादी करवा कर उसे विदेश भेज देंगे, जिसके लिए करीब 45 लाख रुपये खर्च आएगा। आरोपियों की बातों में आकर उसने इस प्रस्ताव को मान लिया।

# होली पर पुलिस का कड़ा पहरा, शहरभर में नाके; सेक्टर-15 और सुखना लेक से भीड़ हटाई, डीएवी में छात्राओं का प्रदर्शन





अजीत झा
चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। रंगों के त्योहार होली पर शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए। सुबह से ही प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में नाके लगाकर चेकिंग की गई। हुड़दंग और ट्रैफिक उल्लंघन रोकने के लिए पुलिस की टीमें लगातार गश्त करती रहीं।

## सेक्टर-15 और सुखना लेक पर सख्ती

सेक्टर-15 मार्केट और पंजाब यूनिवर्सिटी के आसपास बड़ी संख्या में युवाओं के जुटने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को तितर-बितर किया। स्थिति नियंत्रण में रखने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया गया। इसी तरह सुखना लेक पर रंग और अन्य सामान ले जाने



पर रोक के बावजूद भीड़ जुटने लगी, जिसे बाद में हटा दिया गया। पुलिस के अनुसार किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## एसएसपी ने संभाली कमान

कंवरदीप कौर स्वयं फील्ड में रहीं और अलग-अलग नाकों पर पहुंचकर ड्यूटी में तैनात कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश थे कि त्योहार का माहौल बना रहे, लेकिन कानून-व्यवस्था से समझौता न हो।

## डीएवी कॉलेज में छात्राओं का धरना

उधर, फेज-10 स्थित डीएवी कॉलेज में छात्राओं ने परिसर में धरना दिया। उनका आरोप था कि हॉस्टल से बाहर जाकर होली मनाने की अनुमति नहीं दी गई और गेट बंद कर दिए गए।

कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि सुबह 8 से 12 बजे तक परिसर में ही होली खेलने की अनुमति थी, सुरक्षा कारणों से उसके बाद बाहर जाने पर रोक लगाई गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति सामान्य कराई।

## मोहाली, डेराबस्सी और खरड़ में भी हलचल

मोहाली में भी नाकाबंदी के बावजूद कई स्थानों पर युवाओं की भीड़ देखी गई। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए गए। डेराबस्सी में दो पक्षों के बीच झड़प में कुर्सियां चलने की घटना सामने आई, जबकि खरड़ में रंग डालने को लेकर विवाद हुआ, जिसे बाद में सुलझा लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया था और दिनभर हालात पर नजर रखी गई।

# दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन ने आ रही समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा अध्यक्षः अरुण गिल

-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/4/मार्च। दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन विजय दानव ने सफाई सेवक यूनियन पंजाब के जिला अध्यक्ष अरुण गिल की देखरेख में नगर परिषद जगरांव के पदाधिकारियों के साथ एक जरूरी मीटिंग की। इस मीटिंग में चेयरमैन को जगरांव विधानसभा क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों, सीवरमैन और दलित समुदाय को आ रही समस्याओं के समाधान के लिए बात की गई। चेयरमैन ने मौजूद पदाधिकारियों को भरोसा देने के साथ-साथ उन्हें जल्द ही जगरांव पहुंचकर लोगों से तालमेल बिठाने



और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का भी भरोसा दिलाया। उन्होंने जल्द से जल्द जगरांव के लोगों से मिलने का भी भरोसा दिलाया। अध्यक्ष गिल ने कहा कि दलित समुदाय के लोग दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन को मसीहा के रूप में देखते हैं और उन्होंने हमेशा दलितों की समस्याओं और उनके समाधान में अहम योगदान देते है। इस मीटिंग में सफाई सेवक यूनियन के उपप्रधान सनी सुंदर, संरक्षक मेट प्रदीप गिल, भूषण गिल, सुखविंदर खोसला, राम प्रकाश, संदीप कुमार, सुरजीत सिंह, आशा रानी, मिश्रा देवी, नीना रानी, कंचन, सुनीता रानी ने भाग लिया।

# कैफे में छापा, चंडीगढ़ सेल की 63 बोतल विदेशी शराब बरामद

जीरकपुर, यूटर्न, 05 मार्च। होली के मौके पर आबकारी विभाग ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सेक्टर-99 स्थित फ्लोरेंस कैफे में छापा मारकर चंडीगढ़ सेल की 63 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। मामले में आरोपी के खिलाफ सोहाना थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

आबकारी आयुक्त पंजाब और डिप्टी कमिश्नर (एक्साइज) पटियाला जोन के निर्देशों पर बुधवार को जिले में विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में एक्साइज इंस्पेक्टर गुरिंदरपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने एक्साइज पुलिस के साथ सेक्टर-99 स्थित फ्लोरेंस कैफे में रेड की। विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कैफे में चंडीगढ़ में बिक्री के लिए लाई गई महंगी शराब ग्राहकों को परोसी जा रही है।

# होली पर गश्त के दौरान दो युवक चाकू समेत गिरफ्तार



चंडीगढ़/यूटर्न/5 मार्च। होली के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रही मौलीजागरां थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह कार्रवाई यूटी चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका और एसडीपीओ नॉर्थ-ईस्ट विजय सिंह के निर्देशों तथा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा की निगरानी में की गई। पहली घटना 4 मार्च रात करीब 10:30 बजे की है। एएसआई प्रदीप सिंह पुलिस टीम के साथ रायपुर कलां टी-पॉइंट के पास गश्त कर रहे थे। इस दौरान सीटीयू वर्कशॉप के नजदीक एक युवक पुलिस को देखकर तेजी से मुड़कर भागने लगा। पुलिस ने लगभग 100 मीटर पीछा कर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसकी पैंट की जेब से बटनदार फोल्डेबल चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मौलीजागरां विकास नगर निवासी साहिल उर्फ घोड़ा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार वह पहले भी दो आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। दूसरी कार्रवाई में एएसआई रोहित ने विकास नगर लाइट प्वाइंट के पास गश्त के दौरान सुमित नामक युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके जैकेट से भी बटनदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों हथियार जब्त कर मालखाने में जमा कर दिए हैं और मामले की जांच जारी है।

# सेक्टर-16 में मूक-बधिर दंपती के घर पानी का संकट, शिकायत के बावजूद नहीं हुई सुनवाई

## 50 से ज्यादा बार शिकायत करने का दावा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 मार्च। सेक्टर-16 स्थित सरकारी मकान नंबर 665 में रहने वाले एक मूक-बधिर दंपती के घर पानी की समस्या को लेकर मामला अब प्रशासन तक पहुंच गया है। दंपती का आरोप है कि पिछले कई दिनों से घर में पानी की सप्लाई बंद है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। जानकारी के अनुसार घर के सदस्य जगदीश ने अपनी परेशानी को बताने के लिए एक वीडियो बनाकर अधिकारियों तक पहुंचाया। बोलने में दिक्कत होने के कारण उन्होंने इशारों और लिखित माध्यम से बताया कि 27 फरवरी से अब तक 50 से अधिक बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पाइपलाइन ठीक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि घर में नहाने और रोजमर्रा के कामों के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है।



दंपती का यह भी आरोप है कि जब वे शिकायत करने जाते हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता और कई बार नाराजगी भी झेलनी पड़ती है। मामला सामने आने के बाद चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने शिकायत से संबंधित वीडियो यूटी प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को भेजकर मामले में जल्द समाधान कराने का अनुरोध किया है।

मेयर ने कहा कि यह मामला मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा है और प्रशासन को विशेष रूप से सक्षम नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर के हर नागरिक की आवाज सुनी जानी चाहिए, खासकर उन लोगों की जो संचार संबंधी चुनौतियों का सामना करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले की लगातार निगरानी की जाएगी और प्रभावित दंपती को जल्द राहत दिलाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

# गर्मियों से पहले बिजली व्यवस्था मजबूत करने को करोड़ों का निवेश

जीरकपुर, यूटर्न, 05 मार्च। आगामी गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पावरकॉम) ने जीरकपुर, डेराबस्सी और लालडू क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। इसके तहत नए फीडर, ट्रांसमिशन लाइनें और ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं, ताकि गर्मियों में उपभोक्ताओं को बिना बाधा बिजली मिल सके।



पावरकॉम डिवीजन जीरकपुर के एसई अमनदीप सिंह गिल ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए मोहाली सर्कल का पुनर्गठन कर नया सर्कल बनाया गया है। पहले जीरकपुर, लालडू और डेराबस्सी क्षेत्र मोहाली सर्कल के अधीन आते थे, जहां ट्रैफिक और दूरी के कारण लोगों को पहुंचने में एक से डेढ़ घंटे का समय लग जाता था। अब नए सर्कल बनने से उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि बिजली बिल न मिलने की समस्या को देखते हुए विभाग ने नया बिलिंग सॉफ्टवेयर शुरू किया है। शुरूआती दौर में कुछ तकनीकी दिक्कतें आई हैं, जिन्हें जल्द दूर किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य है कि अगले एक महीने के भीतर बिलिंग से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा और उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग के आधार पर बिल मिलेंगे। एसई गिल के अनुसार, पिछले साल गर्मियों में आई बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस बार पहले से ही विस्तृत योजना बनाई गई है। जीरकपुर क्षेत्र में करीब 6.5 करोड़ रुपये की लागत से 27 नए फीडर लगाए गए हैं, जिससे बिजली वितरण प्रणाली पर लोड कम हुआ है और आपूर्ति में सुधार होगा।

इसी तरह लालडू क्षेत्र में 29 यूएलबी फीडर स्थापित किए गए हैं, जिन पर लगभग 1090.02 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। एचवीडीटी योजना के तहत भी कई ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं, जिनमें 63 केवीए के दो, 100 केवीए के दो और 200 केवीए के दो ट्रांसफॉर्मर शामिल हैं। इसके अलावा 76 अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर भी लगाए गए हैं, जिन पर करीब 181.2 लाख रुपये खर्च हुए हैं। ट्रांसमिशन सिस्टम को मजबूत करने के लिए भी बड़े स्तर पर कार्य किया गया है।

## नगर परिषद वर्कर्स यूनियन की मीटिंग 7 को

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/5/मार्च। पंजाब रिटायर्ड नगर परिषद वर्कर्स यूनियन और पंजाब वर्कर्स यूनियन के स्टेट ऑफिस बेयरर्स की एक जॉइंट और अर्जेंट मीटिंग शनिवार, 7 मार्च, को सुबह 11 बजे तलवंडी भाई, फिरोजपुर में राज्य चेयरमैन जनक राज मानसा की देखरेख में हो रही है। राज्य चेयरमैन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मीटिंग में नगर परिषद कर्मचारियों की मांगों को लेकर बातचीत के लिए सरकार की तरफ से यूनियन को भेजे गए इनविटेशन लेटर पर विचार किया जाएगा। इन मांगों में कई कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद ठडउ नहीं मिलना, 2-2 या 3-3 साल से पेंडिंग इंक्वायरी की आड़ में कर्मचारियों को ठडउ देने से मना किया जाना शामिल होंगे। कई कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर बहुत कम रकम देकर ठगा जा रहा है और पिछले कुछ दिनों में सरकार की तरफ से भेजी गई रकम का इस्तेमाल कर्मचारियों को एक्साइज और श्अळ की रकम में से उनका बनता हिस्सा न देकर दूसरे कामों में किया गया है। जिसके बारे में बातचीत के दौरान सरकार को बताया जाएगा और सही एक्शन की मांग पर भी विचार किया जाएगा। इसके अलावा, दोनों यूनियनों के राज्य-स्तर के चुनाव कराने पर भी फैसला लिया जाएगा। यूनियन नेता विजय कुमार जगरांव, अध्यक्ष जिला लुधियाना ने दोनों यूनियनों के सभी पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।



# पाक डॉन का हैरी बॉक्सर और मलिक को खुला चैलेंज, बोला- सच में गैंगस्टर हो तो अपना चेहरा दिखाकर वीडियो बनाओ

पंजाब/यूटर्न/5 मार्च। पाकिस्तान का डॉन शहजाद भट्टी एक ऑडियो में गैंगस्टर हैरी बॉक्सर और मलिक पर जमकर भड़का। भट्टी ने दोनों को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि तुम लोग कुत्तों की तरह हो, जो दूसरों के कहने पर भौंकते हो। भट्टी ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि शहजाद भट्टी को मरवा देंगे, लेकिन मैं साफ कहता हूं- जिसमें दम है वो सामने आए। मैं तुम दोनों को जानता भी नहीं हूं। अगर तुम लोग सच में लॉरेंस के आदमी होने का दावा करते हो, तो अपने उस बाप से कहो कि मेरे ऊपर भौंक कर दिखाए। मलिक को ललकारते हुए भट्टी बोला- तू कहता है कि मेरे ऊपर फायरिंग करवाई है। अगर यह सच है तो कसम खाकर बोल कि तुने और तेरे



आदमियों ने मेरे ऊपर कभी गोली चलवाई। झूठी हवा बनाकर लोगों के सिर पर उड़ना बंद कर। तुम लोग दूसरों के नाम पर चलते हो, मैं अपने दम पर खड़ा हूं।

### *चेहरा दिखाकर वीडियो बनाने की चुनौती*

*हैरी बॉक्सर पर निशाना साधते हुए भट्टी ने कहा कि दो पिस्तौल पकड़कर वीडियो बनाना और बड़ी-बड़ी बातें करना आसान है। अगर सच में गैंगस्टर हो तो अपना चेहरा दिखाकर वीडियो बनाओ। अपने घर के सामने खड़े होकर वीडियो बनाओ और मुझे टाइम दो, फिर मैं बताऊंगा असली खेल क्या होता है।*



Shraddha Kapoor

# कनाडा में तरनतारन के दो युवकों की मौत, सड़क हादसे में गई जान

अमृतसर/यूटर्न/5 मार्च। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में हुए सड़क हादसे ने तरन तारन के दो परिवारों को गहरा सदमा दिया है। जानकारी के अनुसार, तरन तारन जिले के मारी गौर सिंह और ऐलोवाल गांव के रहने वाले तलविंदर सिंह और जजबीर सिंह रोजी-रोटी और अपने परिवार के बेहतर भविष्य की तलाश में कनाडा गए थे। बीते कल ब्रिटिश कोलंबिया के हाईवे 97, अलास्का हाईवे, फोर्ट नेलसन शहर के नजदीक एक भीषण ट्रक दुर्घटना हुई। इस हादसे में दोनों युवक मौके पर ही जीवन की जंग हार गए। घटना की सूचना मिलते ही





उनके परिजनों और गांव में शोक की लहर फैल गई।

### परिजनि बोले- पढ़ाई के सिलसिले में कनाडा गए थे

मृतकों के परिवारों ने बताया कि युवक अपनी पढ़ाई और काम के सिलसिले में कनाडा गए थे। उनके परिवारों ने बताया कि तलविंदर सिंह और जजबीर सिंह मेहनती और ईमानदार युवा थे, जिन्होंने अपने परिवार के लिए हमेशा बेहतर अवसरों की तलाश की। हादसे के तुरंत बाद कनाडा पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी। परिजन मृतकों के शवों को जल्द से जल्द पंजाब लाने की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें अंतिम संस्कार के लिए घर लाया जा सके।

# यूएस सबमरीन ने हिंद महासागर में ईरानी वॉरशिप डुबोया - हेगसेथ

चंडीगढ़/यूटर्न/5 मार्च। यूएस डिफेंस सेक्रेटरी पीट हेगसेथ ने कहा है कि एक अमेरिकन सबमरीन ने हिंद महासागर में एक ईरानी वॉरशिप डुबो दिया। उन्होंने कहा कि शिप मंगलवार को एक टॉरपीडो से डूबा था और शांत मौत मर गया। उन्होंने शिप का नाम नहीं बताया। उनकी यह घोषणा तब हुई जब श्रीलंका ने कहा कि उसकी नेवी ने बुधवार सुबह आइरिस डेना नाम के एक ईरानी शिप से आए डिस्ट्रेस कॉल का जवाब दिया था, जो उसके दक्षिणी कोस्टलाइन से लगभग 40 किलोमीटर (25 मील) दूर डूब गया था। श्रीलंका के एक डिफेंस ऑफिसर ने बीबीसी सिंहल को बताया कि बचाव दल को फ्रिगेट से 80 लाशें मिलीं। देश की नेवी ने कहा कि 32 और लोगों को बचा लिया गया।



## समुद्र में यूएस ने किया जुल्म

ईरान के फॉरेन मिनिस्टर अब्बास अराघची ने कहा कि यूएस ने ईरान के किनारों से 2,000 मील दूर समुद्र में जुल्म किया है। उन्होंने गुरुवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, फ्रिगेट डेना, जो भारत की नेवी का मेहमान था और जिसमें लगभग 130 नाविक थे, बिना किसी चेतावनी के इंटरनेशनल पानी में टकरा गया। मेरी बात याद रखना : यूएस को अपने बनाए इस उदाहरण का बहुत पछतावा होगा। श्रीलंका की नेवी के एक प्रवक्ता ने कहा कि जहाज के डॉक्युमेंट्स के आधार पर माना जा रहा है कि आइरिस डेना पर लगभग 180 लोग सवार थे। श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि जो लोग बचे थे वे गंभीर रूप से घायल थे और उन्हें दक्षिणी पोर्ट गाले के एक हॉस्पिटल में ले जाया गया था।

## दूसरे वर्ल्ड वॉर के बाद पहली घटना

हेगसेथ ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एक यूएस सबमरीन ने एक ईरानी वॉरशिप को डुबो दिया था जिसे लगा कि वह इंटरनेशनल पानी में सुरक्षित है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह ₹दूसरे वर्ल्ड वॉर के बाद किसी दुश्मन जहाज को टॉरपीडो से डुबोने की पहली घटना थी। हालांकि 1945 के बाद यह पहली बार है कि किसी अमेरिकी सबमरीन ने इस तरह दुश्मन के जहाज को डुबोया है, वङ और पाकिस्तान दोनों ने तब से टॉरपीडो का इस्तेमाल करके जहाज डुबोए हैं। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस के जारी किए गए वीडियो में एक जहाज पर हमला होता हुआ दिखा, जिससे जहाज का पिछला हिस्सा फटने से पहले ऊपर उठ गया।

## हमारे सर्च व रेस्क्यू इलाके में था जहाज

इससे पहले, श्रीलंकाई नेवी के स्पोक्सपर्सन बुधिका संपत ने उन खबरों को खारिज कर दिया था कि आइरिस डेना पर सबमरीन ने हमला किया था। उन्होंने आगे कहा कि, जब रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया था, तो रेस्क्यू करने वालों ने जहाज को या उस इलाके में किसी दूसरे जहाज को नहीं देखा था, लेकिन पानी पर तेल के धब्बे और लाइफ राफ्ट तैरते हुए देखे थे। संपत ने कहा कि हालांकि जहाज की लोकेशन हमारे पानी के बाहर थी, यह हमारे सर्च और रेस्क्यू इलाके में था। इसलिए हम इंटरनेशनल ज़िम्मेदारियों के हिसाब से जवाब देने के लिए मजबूर थे।

# यूएस/इजराइल-रान युद्धः इजराइली-यूएस सेना ने 940 लोगों को मार गिराया, ईरान के हमलों में इजराइल में 11 मरे

चंडीगढ़/यूटर्न/5 मार्च। यूएस/इजराइल-ईरान युद्ध में पूरे मिडिल ईस्ट में सैकड़ों लोग मारे गए हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि इजराइली और अमेरिकी हमलों में 940 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, और ईरान की जवाबी फायरिंग में इजराइल में 11 लोग मारे गए हैं। यूएस सरकार ने मारे गए छह सैनिकों की पहचान की है। इलाके की मीडिया ने बताया है कि इराकी सेना ने बगदाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यूनाइटेड स्टेट्स मिलिट्री बेस पर हमला करने की कोशिश कर रहे एक ड्रोन को मार गिराया है, क्योंकि ईरान अरब देशों में यूएस के ठिकानों पर हमला करना जारी रखे हुए है, जिससे छह दिनों के बाद यह इलाका युद्ध में और गहराई तक डूब गया है।

## विक्टोरिया एयरबेस को निशाना बनाने का प्रयास

रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रोन ने बुधवार रात विक्टोरिया एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की और अपने टारगेट तक पहुंचने से पहले ही उसे रोक लिया गया। गुरुवार सुबह सामने आए वीडियो में बगदाद के अल-बुइथा इलाके में सिक्योरिटी वालों की मौजूदगी में एक ड्रोन क्रैश होता दिखा। मिडिल ईस्ट में लड़ाई बढ़ने के साथ ही ईरान अपने खाड़ी पड़ोसियों पर हमले करता जा रहा है।



## छह पाकिस्तानी और नेपाली घायल

यूनाइटेड अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में ड्रोन का मलबा गिरने से छह पाकिस्तानी और नेपाली नागरिक घायल हो गए, शहर की सरकार ने आज सुबह बताया। वअए के डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि उसके एयर डिफेंस ने आज सात बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया। छह को इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया गया, जबकि एक मिसाइल उसके इलाके में गिरी। उसने कहा कि 131 ड्रोन का पता चला, जिनमें से 125 को इंटरसेप्ट किया गया और 6 देश में
लैंड हुए।

## तेहरान के मशहूर आजादी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर हमला

स्टेट मीडिया के मुताबिक, तेहरान के मशहूर आजादी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर यूएस-इजराइली हमला हुआ है। हमले में कॉम्प्लेक्स का इनडोर, मल्टी-पर्पस स्टेडियम, आजादी 12,000 कैपेसिटी वाला हॉल शामिल है। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से वॉलीबॉल, कुश्ती और फुटसल के लिए किया जाता है। तेहरान के पर्सिपोलिस फुटबॉल क्लब ने हमले की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि स्पोर्ट्स वेन्यू शांति और निष्पक्ष मुकाबले की निशानी हैं। इस कॉम्प्लेक्स को ईरानी आर्किटेक्चर फर्म AFFA ने 1974 के एशियन गेम्स के लिए बनाया था, जो मिडिल ईस्ट में हुए पहले एशियन गेम्स थे।

# अरविंद केजरीवाल का बरी होना सच्चाई की जीत – भिंडर, संधू

## भिंडर और संधू ने केजरीवाल के बरी होने पर बुके देकर दी बधाई



लुधियाना, यूटर्न, 05 मार्च। नगर सुधार ट्रस्ट लुधियाना के चेयरमैन तरसेम सिंह भिंडर और वरिष्ठ आप नेता भूपिंदर सिंह संधू ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के मामले में अदालत द्वारा बाइज्जत बरी किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे सच्चाई की जीत बताया। इस मौके पर उन्होंने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर बधाई दी और कहा कि आज यह साबित हो गया है कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोधियों द्वारा बेबुनियाद आरोप लगाकर अरविंद केजरीवाल की छवि खराब करने की कोशिश की गई थी, लेकिन अदालत के फैसले ने साबित कर दिया है कि ये सभी आरोप पूरी तरह झूठे और राजनीतिक रूप से प्रेरित थे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हमेशा देश और जनता की भलाई के लिए काम किया है। उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में ऐतिहासिक सुधार किए, जिसके कारण विरोधियों को उनकी लोकप्रियता हजम नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा कि अदालत के इस फैसले से न केवल अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी पर लगे दाग धुल गए हैं, बल्कि यह भी साबित हो गया है कि सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता। इसके चलते आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों में इस फैसले को लेकर खुशी की लहर है। भिंडर और संधू ने कहा कि अब पार्टी और भी ज्यादा मजबूती के साथ जनता की सेवा के लिए काम करेगी और देश में साफ-सुथरी राजनीति का संदेश और मजबूत किया जाएगा।

## शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाए, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

जीरकपुर, यूटर्न, 05 मार्च। शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में उसकी आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर जीरकपुर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान गुलशन कुमार निवासी गांव बरौली रामपुर, जिला पंचकूला (हरियाणा) के रूप में हुई है।

पुलिस को दिए बयान में मूल रूप से अमृतसर निवासी 28 वर्षीय युवती ने बताया कि वह पिछले आठ-नौ साल से काम के सिलसिले में जीरकपुर में रह रही है और फिलहाल एक पीजी में रहती है। युवती के अनुसार करीब दो साल पहले उसकी पहचान गुलशन कुमार से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372